शस्त्र अधिनियम के दोषी को अर्थदंड

श्रावस्ती। शस्त्र अधिनियम के आरोपी को दोषी करार देते हुए अर्थदंड से दंडित किया गया। गिलौला थाना क्षेत्र के भिंगुरी निवासी राजितराम पुत्र अमेरिका प्रसाद के कब्जे में पुलिस ने 2001 में 12 बोर तमंचा व तीन कारतूस बरामद किया था। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया था। साथ ही पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपित को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। आरोपी पर 500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

लकड़ी चोरी के दोषी पर लगाया जुर्माना

श्रावस्ती। लकड़ी चोरी के आरोपी को दोषी करार देते हुए 500 रुपये जुर्माना लगाया गया। लाड़िला प्रसाद पुत्र अशर्फी निवासी रामपुर ककरा थाना सिरसिया के कब्जे से पुलिस ने 1984 में अवैध कटान की लकड़ी बरामद की थी। आरोपी के विरुद्ध फारेस्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज की पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 500 रुपये का अर्थदंड दिया।

महोत्सव में खेली बृज की होली, कृष्ण भक्ति में लीन दर्शक

भोजपुरी स्टार पवन सिंह व अन्य कलाकारों के गीतों को सुनने उमड़े लोग, जनप्रतिनिधी व अफसर भी दिखे उत्साहित

जासं • श्रावस्ती : श्रावस्ती के चक्रभंडार स्थित पर्यटक मैदान पर चल रहे श्रावस्ती महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार की रात समापन के अवसर पर कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए। मथुरा वृंदावन के कलाकारों की ओर से बृज की होली व कृष्ण जन्मोत्सव समेत अन्य लीलाओं का प्रदर्शन किया गया। बालीवुड नाइट में भोजपुरी स्टार पवन सिंह के गीतों को सुनने के लिए महोत्सव में जनसैलाब उमड़ा। बृज की होली के दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने फूलों की होली खेली। आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

श्रावस्ती महोत्सव में बृज की होली के दौरान पूरा पंडाल होली के रंग में डूब गया। श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, डीएम अजय कुमार द्विवेदी, एसपी घनश्याम चौरसिया, सीडीओ अनुभव सिंह व एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा समेत अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने परिवार के साथ महोत्सव का जमकर आनंद लिया। इस दौरान महोत्सव परिसर में मौजूद लोगों में होली की मस्ती छा गई। होली के बाद मंच पर पहुंचे भोजपुरी स्टार पवन सिंह को देखते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पवन सिंह ने पिरितिया लगावा ना... गाने से शुरुआत की। इसके बाद उनकी ओर से लगातार एक के बाद



श्रावस्ती महोत्सव में मथुरा के कलाकारों के साथ फूलों की होली खेलते जनप्रतिनिधि, अधिकारी व महिलाएं • जागरण

• आतिशबाजी की झिलमिलाहट के साथ हुआ श्रावस्ती महोत्सव कार्यक्रम का समापन

एक गानों को सुनकर पंडाल में मौजूद श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। तालियों की गड़गड़ाहट से लोगों ने भोजपुरी स्टार पवन सिंह का जोरदार उत्साह वर्धन किया। उनके साथ प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका शिल्पीराज व गायक विजय चौहान ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में अभिनेता व गायक पवन सिंह तथा उनकी पूरी टीम को विधायक, डीएम व सीडीओ ने अंगवस्त्र व भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। महोत्सव में होने वाले रंगारंग कार्यक्रमों का संचालन मशहूर एंकर मनीषा ने किया। भिनगा विधायक इंद्राणी वर्मा के पुत्र अरमान वर्मा, एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल, एसडीएम इकौना ओम प्रकाश, एसडीएम एसके राय, आशुतोष पांडेय मौजूद रहे।

होत्सव में डीएम अजय कुमार द्विवेदी (बाएं) को सम्मानित करते विधायक रामफेरन पांडेय (मध्य में) व भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी (दाएं) • जागरण

महोत्सव में प्रस्तुती देते भोजपुरी स्टार पवन सिंह (बाएं) व उनके साथ प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका शिल्पीराज (मध्य में) • जागरण

स्कूली बच्चों बिखेरा जलवा : कार्यक्रम के अंतिम दिन सुबह से ही विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्र-छात्राओं व विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने महोत्सव के मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वैष्णवी शुक्ला एंड पार्टी की ओर से सामूहिक नृत्य, चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंका के बच्चों ने मुरलिया दे दो राधा, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भिनगा के बच्चों ने सामूहिक लोक नृत्य, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जमुनहा की छात्राओं ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। इसी प्रकार अन्य स्कूली बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।